>

Title: Need to commence the laying of railway line from Rishikesh to Karnprayag in Uttarakhand.

**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल):** सभापति जी, मेरे उत्तराखंड के अंदर ऋषिकेष से कर्णप्रयाग रेलवे लाइन

शुरू हुई है। मैं माननीय मनमोहन सिंह जी, माननीया सोनिया गांधी जी तथा श्री राहुल गांधी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनके अथक प्रयासों से यह रेलवे लाइन स्वीकृत हुई है। यह लाइन हमारी लाइफ-लाइन है और इससे हमारे उत्तराखंड का विकास होगा, पर्यटन का विकास होगा। इसके साथ-साथ मैं आपके माध्यम से राज्य सरकार से यह अनुरोध करुंगा कि जल्दी से जल्दी वहां भूमि उपलब्ध कराएं ताकि ऋषिकेष-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन आसानी से बन सके। इसके साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा जो नेवी-रिक्रूटमेंट-सेंटर रामनगर में बनना है तथा जिसके लिए सियालदेह और पाटकोट में जमीन चिन्हित हो गयी है, उसके लिए भी जल्दी से जल्दी भूमि उपलब्ध कराए ताकि हमारी रेलवे लाइन और हमारा नेवी-रिक्रूटमेंट-सेंटर जल्दी से बन सके।